अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–20.01.2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अधीन पथों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिए गए:–

उपस्थित पदाधिकारी:–

(1) ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(2) ई0 फरीद अहमद, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ

- **रूपौली से विजयघाट भाया मोहनपुर** :– उक्त पथ की लंबाई (Descope के पश्चात्) 18.5 कि0 मी0 एवं चौड़ाई 5.5 मी0 है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 6611(एस), दिनांक– 28.08.2018 द्वारा रू0 6339.62 लाख मात्र है। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 254 अनु0, दिनांक– 22.04.2024 द्वारा रू0 4695.91 लाख मात्र के लिए तकनीकी स्वीकृति प्रदान किया गया है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि 5710.87 मात्र है। कार्य प्रारंभ की तिथि दिनांक– 04.01.2020 एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक– 03.04.2022 निर्धारित थी।

  निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्य की प्रगति काफी धीमी है। पथ के निरीक्षण से स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। धीमी प्रगति पर कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई कि अबतक उनके द्वारा संवेदक पर क्या – क्या कार्रवाई की गई?

  पूर्व में कई बार पथ के निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा संबंधित संवेदक पर एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। **कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के पत्रांक– 2059, दिनांक– 13.12.2025 द्वारा संबंधित संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा मुख्य अभियंता(संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना से की गई है।**

  पुनः कार्यपालक अभियंता को संवेदक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को समाप्त करवाने का निर्देश दिया गया। यदि संवेदक द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो Risk & Cost पर शेष बचे कार्य को कराने का निदेश निरीक्षण स्थल से ही दिया गया।

- **धमदाहा – बनमनखी पथ**:– उक्त पथ की लंबाई 21.5 कि0 मी0 है। उक्त पथांश को 7.00 मी0 चौड़ा करने प्रावधानित है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 5072(एस), दिनांक–22.08. 2023 द्वारा रू0 7891.2 लाख मात्र है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि 6411.111 लाख मात्र है। उक्त कार्य के कार्यादेश की तिथि 25.05.2025 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 24. 05.2027 है। इस पथ में E/W- 21.50 KM, GSB- 14.00 KM, WMM- 14.00 KM, DLC- 7.50 KM, DBM- 14.00 KM, BC- 14.0 KM, PCC- 14.00 KM, CD- 01 no. प्रावधानित है।

  निरीक्षण के दौरान पथ के 6ठे कि0 मी0 में PQC कार्य एवं 14वें कि0 मी0 में चौड़ीकरण कार्य प्रगति में पाया गया। लगभग सम्पूर्ण पथ(बाजार भाग को छोड़कर) को Scarify किया जा चुका है, जिसके कारण पथ में काफी धूल उड़ रहा है। पथ में निरंतर पानी का छिड़काव करवाने का निर्देश स्थल पर ही संबंधित अभियंता को दिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

निरीक्षण के क्रम में बनमनखी बाजार में 21 वें कि0 मी0(दर्जी पट्टी) एवं 22वें कि0 मी में कई Pot पाए गए है, जिसे तत्काल ठीक कर पथ को Moterable रखने का निदेश स्थल पर संबधित अभियंता को दिया गया।

21.1.26

अधीक्षण अभियंता

प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 83 दिनांक– 21/01/2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ प्रेषित। निर्देश दिया जाता है कि निरीक्षण के दौरान स्थल पर दिए गए निदेश का अनुपालन कर अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

21.1.26

अधीक्षण अभियंता

प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 83 दिनांक– 21/01/2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

21.1.26

अधीक्षण अभियंता

प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 83 दिनांक– 21/01/2026

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

21.1.26

अधीक्षण अभियंता

प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner